छत्तीसगढ़ विधानसभा
पत्रक भाग-एक
संक्षिप्त कार्य विवरण
सोमवार, दिनांक 26 जुलाई, 2010
(श्रावण-4, शक संवत् 1932)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

सदन में **वन्दे मातरम्** की धुन बजाई गई ।

2.सभापति तालिका की घोषणा

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नाम-निर्दिष्ट किया गया :-

(1) श्री बद्रीधर दीवान

(2) श्री धर्मजीत सिंह

(3) श्री नारायण चंदेल

(4) डॉ.शक्राजीत नायक

(5) डॉ.हरिदास भारद्वाज

3.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री भैरोंसिंह शेखावत, पूर्व उपराष्ट्रपति, श्री रविशंकर त्रिपाठी, छत्तीसगढ़ की तृतीय विधान सभा के सदस्य, श्री रामकुमार अग्रवाल, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, श्रीमती जयाबेन, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा की पूर्व सदस्य, के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किए ।

मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य, श्री दूजराम बौद्ध, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, श्री रामविचार नेताम, सदस्य सर्वश्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी, (डॉ.) शक्राजीत नायक, नंदकुमार पटेल, देवजी पटेल, मोहम्मद अकबर, संसदीय कार्य मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, सदस्य सर्वश्री गुरूमुख सिंह होरा एवं टी.एस.सिंहदेव, ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किए।

माननीय सदस्यों द्वारा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री दिग्विजय सिंह एवं नक्सली घटनाओं में सी.आर.पी.एफ. के शहीद जवानों के प्रति भी शोकोद्‌गार व्यक्त किए गए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में अपराह्न 12.13 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनाँक 27 जुलाई, 2010 (श्रावण 5, शक संवत् 1932) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा